भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

Azadi ka Amrit Mahotsav

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 11.07.2025

## आरेडिका में स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प का आयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारख़ाना, रायबरेली चिकित्सालय में दिनांक 11.07.2025 दिन शुक्रवार को आरेडिका चिकित्सालय के चिकित्साधिकारियों/कर्मचारियों के सहयोग से मैक्स अस्पताल लखनऊ से आये विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया । इस शिविर में डॉ. विशाल श्रीवास्तव (कार्डियोलॉजी) डॉ. फराह अरशद (एंडोक्राइन एवं ब्रेस्ट सर्जन), डॉ. संतोष कुमार (मूत्र रोग विशेषज्ञ) एवं डॉ. सतेंद्र (फिजिशियन) के द्वारा चिकित्सालय में आए कुल 118 मरीजों नें स्वास्थ्य परीक्षण के साथ–साथ 40 महिला मरीजों का एंडोक्राइन स्पेस्लिस्ट के द्वारा ब्रेस्ट सहित शारीरिक परीक्षण किया गया।

इस अवसर पर प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आभा जैन ने विशिष्ट अतिथि चिकित्सकों का पौधा भेंट कर सम्मान किया।

शिविर के साथ साथ प्रातः 11:00 बजे आरेडिका चिकित्सालय के प्रशासनिक भवन में मैक्स अस्पताल लखनऊ की डॉ. फराह अरशद (एंडोक्राइन एवं ब्रेस्ट सर्जन) ने ब्रेस्ट कैंसर पर विस्तृत जानकारी प्रदान की । उन्होंने बताया कि प्रारंभिक अवस्था में यदि कैंसर का पता चल जाए तो इसका उपचार संभव है। महिलाओं को नियमित रूप से स्वयं परीक्षण करने और किसी भी असामान्य लक्षण को नज़रअंदाज़ न करने की सलाह दी गई।

इसी क्रम में डॉ. आकांक्षा श्रीवास्तव (डेंटल सर्जन) ने ओरल कैंसर पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि तंबाकू, गुटखा और धूम्रपान जैसी आदतें मुख कैंसर के प्रमुख कारण हैं। समय रहते यदि लक्षणों को पहचाना जाए तो इलाज की सफलता की संभावना बढ़ जाती है। दोनों विशेषज्ञों ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कैंसर के लक्षण, कारण, बचाव और उपचार की प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया। कार्यक्रम में आरेडिका के महिला कल्याण संगठन की सदस्याओं, महिला अधिकारी एवं कर्मचारियों सक्रिय भागीदारी रही ।

आरेडिका महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने बताया कि यह आयोजन निस्संदेह आरेडिका परिवार के लिए एक प्रेरणादायक और जागरूकतापूर्ण कदम है, जो भविष्य में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति आरेडिका परिवार को जागरूक करने में अपनी भूमिका निभाएगा।

11.7.2025

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी